**रक्षा मंत्रालय द्वारा इलाहाबाद जिले में भूमि का अधिग्रहण**

1601. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हाल ही में इलाहाबाद में करछना तहसील के अंतर्गत चाका खण्ड के किसानों की भूमि का रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिग्रहण किए जाने से सम्बन्धित आदेश को निरस्त करने के लिए कोई ज्ञापन मिला है ;

(ख) इस मांग पर सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(ग) उक्त आदेश को निरस्त करने में क्या कठिनाई पेश आ रही है ?

**रक्षा मंत्री (श्री शरद पवार) :** (क) से (ग) इलाहाबाद जिले में करछना तहसील के अन्तर्गत चाका खण्ड के किसानों की भूमि का अधिग्रहण किए जाने के विरुद्ध अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। भूमि अधिग्रहण किए जाने के बारे में कोई आदेश जारी नहीं किए गए हैं अतः इस संबंध में किसी आदेश को रद्द करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

**महापुरुषों पर दूरदर्शन वृत्तचित्र**

1602. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार वर्ष 1991 के दौरान किन-किन महापुरुषों के जीवन पर दूरदर्शन वृत्तचित्र दिखाने का विचार रखती है; और

(ख) ये वृत्तचित्र कब तक प्रसारित किए जाएंगे ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) :** (क) और (ख) दूरदर्शन द्वारा समय-समय पर वृत्तचित्रों और विभिन्न फार्मेटों में महापुरुषों की जीवनी और कार्यों को दर्शाने वाले कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं ।

चूंकि कार्यक्रम दिखाने की रूप रेखा केवल प्रसारण के कुछ ही दिन पूर्व बनाई जाती है, इसलिये वर्ष 1991 के दौरान दूरदर्शन द्वारा प्रसारित किये जाने के लिए प्रस्तावित वृत्तचित्रों की सूचना इस समय देना सम्भव नहीं है ।

**Popular Serial on Doordarshan**

1603. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state: what are the names of the first ten serials in the order of popularity on Doordarshan?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (KUMARI GIRIJA VYAS): The data obtained through panel surveys undertaken by Doordarshan during the month of June, 1991, indicates that the following were the first ten serials in the order of popularity which were telecast on the National Network:—

1. The Sword of Tipu Sultan;
2. Dane Anaar Ke;
3. Sankalp;
4. Pukaar;
5. Circus
6. Rishte;
7. Sunehre Vark;
8. Professor Vason;
9. Cartoon Show;
10. Sports Mag.

**मुजफ्फरपुर में आकाशवाणी केन्द्र की स्थापना**

1604. **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार मुजफ्फरपुर में एक आकाशवाणी केन्द्र खोलने का विचार रखती है ; और